ಭರೋಸಾ ಸಮೂಹ

## ಜುಲೈ 2021 ನೇ ಸಾಲಿನ SSLC ವಾರ್ಷಿಕ ಪರೀಕ್ಷೆಯ ನಿರೀಕ್ಷಿತ ಬಹು ಆಯ್ಕೆ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆಯ ವಿನ್ಯಾಸ ಹಾಗೂ ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ

# प्रश्नों का विभाजन

**वस्तु निष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्नों की संख्या 100 प्रतिशत हों।**

**व्याकरण संबंधी बहुविकल्पीय प्रश्न इन अंशों पर आधारित हों।**

लिंग, वचन, प्रथम प्रेरणार्थक, समास, विलोम शब्द, संधि, कारक, विराम चिह्न पहचानना, मुहावरे, पर्यायवाची शब्द, कि और की का प्रयोग।

BHAROSA

**विषय वस्तु की दृष्टि से अंक भार – Weightage to contents (Expected)**

| विषय वस्तु | प्रस्तुत वर्ष | |
|---|---|---|
| | अंक | प्रतिशत |
| गद्य | 19 | 47.5% |
| पद्य | 12 | 30% |
| पूरक वाचन | 02 | 05% |
| व्याकरण | 04 | 10% |
| रचना | 03 | 7.5% |
| कुल | 40 | 100% |

**प्रश्न प्रकार की दृष्टि से अंक भार– Weightage to Types of Questions**

| प्रश्न प्रकार | प्रस्तुत वर्ष | | |
|---|---|---|---|
| | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक | प्रतिशत |
| बहुविकल्पीय | 40 | 40 | 100% |
| कुल | 40 | 40 | 100% |

PRASANTH KUMAR ROYAL'S, M.A, B.Ed, D.Ed

Irfan Kalburgi – 9945817878 Anwar Momin - 9538775098 Saif Bisti – 8867307031

## विषय वस्तु के क्षेत्र की दृष्टि से अंक भार– Weightage to Content Domain (Expected)

| विषय वस्तु | पाठ / पद्य का नाम | अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| गद्य | कश्मीरी सेब | 19 | 47.5% |
| | गिल्लू | | |
| | मेरा बचपन | | |
| | बसंत की सच्चाई | | |
| | इंटरनेट क्रांति | | |
| | ईमानदारों के सम्मलेन में | | |
| | महिला की साहस गाथा | | |
| | कर्नाटक संपदा | | |
| पद्य | मातृभूमि | 12 | 30% |
| | अभिनव मनुष्य | | |
| | तुलसी के दोहे | | |
| | समय की पहचान | | |
| | सूर – श्याम | | |
| | कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती | | |
| पूरक वाचन | शनि : सबसे सुंदर ग्रह | 02 | 05% |
| | सत्य की महिमा | | |
| व्याकरण | लिंग,वचन, प्रथम प्रेरणार्थक, समास, विलोम शब्द, संधि, कारक, विराम चिह्न पहचानना, मुहावरे, पर्यायवाची शब्द, कि और की का प्रयोग | 04 | 10% |
| रचना | अनुवाद, पत्र के महत्वपूर्ण अंश | 03 | 7.5% |
| कुल | | 40 | 100% |

BHAROSA

PRASANTH KUMAR ROYAL'S, M.A, B.Ed, D.Ed

# (EXPECTED) MODEL QUESTION PAPER – 01

## SSLC EXAMINATION JULY 2021

## SUB : THIRD LANGUAGE HINDI (61)

**निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं, उनमें सेसही उत्तर के वृत्त को काले या नीले पेन से अंकित करना है ।** **40 X 1 = 40**

1. **'महोत्सव ' शब्द में संधि है -**

   Ⓐ दीर्घ संधि Ⓑ गुण संधि

   Ⓒ वृद्धि संधि Ⓓ अयादि संधि

2. **निम्नलिखित में 'द्वंद्व' समास का उदाहरण है–**

   Ⓐ देशवासी Ⓑ चौराहा

   Ⓒ देश –विदेश Ⓓ आजन्म

3. **' देखना ' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है–**

   Ⓐ दिखवाना Ⓑ देखाना

   Ⓒ दिखाई Ⓓ दिखाना

4. **निम्नलिखित शब्दों में बहुवचन रूप है–**

   Ⓐ व्यवस्था Ⓑ व्यवस्थाएँ

   Ⓒ सुव्यवस्था Ⓓ अव्यवस्था

5. **' कश्मीरी सेब ' पाठ से–**

   Ⓐ खरीदारी करते समय सावधानी बरतने की सीख मिलती है।

   Ⓑ खरीदारी करते समय असावधानी बरतने की सीख मिलती है।

   Ⓒ खरीदारी करते समय असावधानी बरतने की सीख नहीं मिलती है।

   Ⓓ खरीदारी करते समय सावधानी न बरतने की सीख मिलती है।

6. **रोज एक सेब खाने से -**

   Ⓐ डॉक्टर की जरूरत होगी । Ⓑ डॉक्टर की जरूरत नहीं होगी ।

   Ⓒ डॉक्टर की जरूरत शायद होगी । Ⓓ डॉक्टर की जरूरत कभी कभी होगी ।

7. **गिलहरी का बच्चा –**

   Ⓐ गमले और दीवार की संधि के बीच में पड़ा था। Ⓑ गमले और दरवाजे के संधि के बीच में पड़ा था।

   Ⓒ गमले और देहरी की संधि के बीच में पड़ा था। Ⓓ गमले और दीवान के संधि में पडा था।

8. **लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू–**

   Ⓐ लेखिका के हाथ तक आकर सर्र से परदे पर चढता । Ⓑ लेखिका के पैर तक आकर सर्र से परदे पर चढता ।

   Ⓒ लेखिका के पैर तक आकर सर्र से पंखे पर चढता। Ⓓ लेखिका के पैर तक आकर सर्र से पंजे पर चढ़ता ।

BHAROSA

PRASANTH KUMAR ROYAL'S, M.A, B.Ed, D.Ed

**9. लेखिका ने गिलहरी की समाधि–**

Ⓐ सोनजुही लता के नीचे बनायी । Ⓑ सोनजुही फूल के नीचे बनायी ।
Ⓒ सोनजुही डाल के नीचे बनायी । Ⓓ सोनजुही पत्ते के नीचे बनायी ।

**10. अब्दुल कलाम बचपन में–**

Ⓐ पुराने घर में रहते थे । Ⓑ पुजारी के घर में रहते थे।
Ⓒ पुश्तैनी घर में रहते थे। Ⓓ पुरोहित के घर में रहते थे।

**11. कलाम के अंतरंग मित्र थे–**

Ⓐ रामानंद शास्त्री Ⓑ अरविंदन
Ⓒ शिवप्रकाश Ⓓ अहमद जलालुद्दीन

**12. बसंत बाज़ार जाकर–**

Ⓐ बटन, छलनी और दियासलाई खरीदता है । Ⓑ बटन, छलनी और दियासलाई बनाता है ।
Ⓒ बटन, छलनी और दियासलाई भेजता है । Ⓓ बटन, छलनी और दियासलाई बेचता है।

**13. पंडित राजकिशोर जी एक–**

Ⓐ किसानों के नेता थे। Ⓑ मजदूरों के नेता थे ।
Ⓒ मेहमानों के नेता थे। Ⓓ रोजगारों के नेता थे।

**14. आई.टी : इनफारमेशन टैक्नोलॉजी :: आई.टी.ई.एस. ________**

Ⓐ इनफारमेशन टैक्नोलॉजी एनेबल्ड सर्विसेस Ⓑ इनफारमेशन टैक्निकल एनेबल्ड सर्विसेस
Ⓒ इनफारमेशन टैक्नोलॉजी इलेक्ट्रॉनिक्स सर्विसेस Ⓓ इनफारमेशन टेक्निकल इलेक्ट्रिकल सर्विसेस

**15. इंटरनेट बैंकिंग द्वारा–**

Ⓐ रसम भेजी जा सकती है । Ⓑ रकम भेजी जा सकती है ।
Ⓒ रेशम भेजी जा सकती है। Ⓓ राशन भेजा जा सकता है।

**16. सोशियल साइट्स के कारण लोगों के–**

Ⓐ रहन – सहन पर प्रभाव पड़ा है।
Ⓑ वेश – भूषा पर प्रभाव पड़ा है।
Ⓒ खान - पान, कला व संस्कृति पर प्रभाव पड़ा है।
Ⓓ उपर्युक्त सभी

**17. हरिशंकर परसाई जी ने अपने पहनने के कपड़े –**

Ⓐ चादर के नीचे दबाकर सोये। Ⓑ कंबल के नीचे दबाकर सोये।
Ⓒ रजाई के नीचे दबाकर सोये। Ⓓ सिरहाने दबाकर सोये।

**18. हरिशंकर परसाई जी दूसरे दर्जे में सफर करना चाहते थे। क्योंकि–**

Ⓐ एक सौ पचपन रूपये बचाने के लिए Ⓑ दो सौ पचास रूपये बचाने के लिए
Ⓒ एक सौ अस्सी रूपये बचाने के लिए Ⓓ एक सौ पचास रूपये बचाने के लिए

**19. एवरेस्ट की चोटी पर चढनेवाली बिछेंद्री पाल को–**

Ⓐ विश्व की पहली महिला होने का गौरव प्राप्त है। Ⓑ पहली भारतीय महिला होने का गौरव प्राप्त है।
Ⓒ विश्व की दूसरी महिला होने का गौरव प्राप्त है। Ⓓ दूसरी भारतीय महिला होने का गौरव प्राप्त है।

BHAROSA

PRASANTH KUMAR ROYAL'S, M.A, B.Ed, D.Ed

**20. एवरेस्ट शिखर पर पहुँचकर बिछेंद्री ने थैले से–**

Ⓐ हनुमान चालीसा और लक्ष्मी माँ का चित्र निकाला। Ⓑ हनुमान चालीसा और सरस्वती माँ का चित्र निकाला।
Ⓒ हनुमान चालीसा और भुवनेश्वरी माँ का चित्र निकाला। Ⓓ हनुमान चालीसा और दुर्गा माँ का चित्र निकाला।

**21. दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को –**

Ⓐ उत्तरी घाट कहते हैं। Ⓑ पश्चिमी घाट कहते हैं।
Ⓒ अंबुली घाट कहते हैं। Ⓓ चार्मुडी घाट कहते हैं।

**22. बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुर के मंदिरों की मूर्तियाँ –**

Ⓐ रामायण, महाभारत, पुराणों की कहानियाँ सुनाती हैं। Ⓑ रामायण, महाभारत, आधुनिक कहानियाँ सुनाती हैं।
Ⓒ रामायण, महाभारत, पुराणों की कहानियाँ सुनती हैं। Ⓓरामायण, महाभारत, पुराणों की कहानियाँ नहीं सुनाती हैं।

**23. कर्नाटक के संतों ने अपने अनमोल वचनों द्वारा –**

Ⓐ प्रेम, दया और धर्म की सीख दी है। Ⓑ भक्ति, नीति, सदाचार की सीख दी है।
Ⓒ प्रेम, दया और अधर्म की सीख दी है। Ⓓ प्रेम, दया और स्वार्थ की सीख दी है।

**24. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह है–**

Ⓐ शनि Ⓑ मंगल Ⓒ बृहस्पति Ⓒ शुक्र

**25. "सत्य एक विशाल वृक्ष है। उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं। उनका अंत नहीं होता।" यह कथन–**

Ⓐ राजा हरिश्चंद्र जी का है। Ⓑ महात्मा गांधी जी का है।
Ⓒ राजा दशरथ जी का है। Ⓓ जान मेन्सफील्ड जी का है।

**26. भारत के खेत –**

Ⓐ हरे – भरे और सुंदर हैं। Ⓑ सूखे – रूखे और छोटे हैं।
Ⓒ फल – फूलों से युत नहीं हैं। Ⓓ सूने – सूने हैं।

**27. जग के रूप को बदलने के लिए कवि भगवती चरण वर्मा –**

Ⓐ भारत माँ से निवेदन नहीं कर रहे हैं। Ⓑ भारत माँ को आदेश कर रहे हैं।
Ⓒ भारत माँ से शिकायत कर रहे हैं। Ⓓ भारत माँ से निवेदन कर रहे हैं।

**28. दिनकर जी के अनुसार आधुनिक मानव एक समान–**

Ⓐ नदी, पर्वत और सागर लाँघ सकता है। Ⓑ नदी, पर्वत और सागर लाँघ नहीं सकता है।
Ⓒ नदी, पर्वत और सागर मिला सकता है। Ⓓ नदी, पर्वत और सागर मिला नहीं सकता है।

**29. मानव – मानव के बीच स्नेह का बाँध बाँधना–**

Ⓐ मानव की वृद्धि है। Ⓑ मानव की सिद्धि है।
Ⓒ मानव की बुद्धि है। Ⓓ मानव की शुद्धि है।

**30. तुलसीदास जी के अनुसार हंस का गुण–**

Ⓐ विकारों को छोडकर अच्छे गुणों को अपनाता है। Ⓑ विकारों को छोडकर बुरे गुणों को अपनाता है।
Ⓒ विकारों को छोडकर अच्छे गुणों को ठुकराता है। Ⓓ विकारों को अपनाकर अच्छे गुणों को छोड़ता है।

**31. तुलसीदास जी के अनुसार राम– नाम जपने से मानव की–**

Ⓐ आंतरिक और बाह्य अशुद्धि होती है। Ⓑ आंतरिक और बाह्य शुद्धि होती है।
Ⓒ आंतरिक और बाह्य वृद्धि होती है। Ⓓ आंतरिक और बाह्य श्रीवृद्धि होती है।

BHAROSA

PRASANTH KUMAR ROYAL'S, M.A, B.Ed, D.Ed

**32. सियाराम शरण गुप्त के अनुसार समय–**

Ⓐ ईश का दिया हुआ अनुपम घन है।
Ⓑ ईश का दिया हुआ अनुपम मन है।
Ⓒ ईश का दिया हुआ अनुपम तन है।
Ⓓ ईश का दिया हुआ अनुपम धन है।

**33. सियाराम शरण गुप्त के अनुसार समय के खोने से–**

Ⓐ सर्वथा पछताना पड़ता है।
Ⓑ सर्वथा पछताना नहीं पड़ता है।
Ⓒ सर्वथा पहचानना पड़ता है।
Ⓓ सर्वथा पचाना पड़ता है।

**34. तुलसीदास : रामभक्ति शाखा :: सूरदास : _______**

Ⓐ विष्णुभक्ति शाखा
Ⓑ ब्रह्मभक्ति शाखा
Ⓒ कृष्णभक्ति शाखा
Ⓓ शिवभक्ति शाखा

**35. माता यशोदा कृष्ण के क्रोध को शांत करने के लिए –**

Ⓐ गोदावरी की कसम खाती है।
Ⓑ गोपाल की कसम खाती है।
Ⓒ गोदन की कसम खाती है।
Ⓓ गोधन की कसम खाती है।

**36. क्या कमी रह गई______________________________ ( पंक्ति को पद्य के अनुसार पूर्ण कीजिए ।)**

Ⓐ जय-जयकार नहीं होती ।
Ⓑ नींद चैन को त्यगो तुम।
Ⓒ देखो और सुधार करो।
Ⓓ छोड़कर मत भागो तुम।

**37. जब तक न सफल हो____________________________ ( पंक्ति को पद्य के अनुसार पूर्ण कीजिए ।)**

Ⓐ छोड़कर मत भागो तुम।
Ⓑ नींद चैन को त्यागो तुम,
Ⓒ जय-जयकार नहीं होती ।
Ⓓ कभी हार नहीं होती।

**38. ' एक सेब भी खाने लायक नहीं था । '– इस वाक्य का कन्नड या अंग्रेजी अनुवाद –**

Ⓐ ಒಂದು ಸೇಬು ಹಣ್ಣು ತಿನ್ನಲು ಯೋಗ್ಯವಾಗಿತ್ತು. / An apple was worth eating

Ⓑ ಒಂದು ಸೇಬು ಹಣ್ಣು ತಿನ್ನಲು ಯೋಗ್ಯವಾಗಿರಲಿಲ್ಲ. / An apple was not worth eating.

Ⓒ ಒಂದು ಸೇಬು ಹಣ್ಣು ಕೂಡ ತಿನ್ನಲು ಯೋಗ್ಯವಾಗಿರಲಿಲ್ಲ. / Not even an apple was worth eating.

Ⓓ ಒಂದು ಸೇಬು ಹಣ್ಣು ಕೂಡ ತಿನ್ನಲು ಯೋಗ್ಯವಾಗಿತ್ತು. / An apple was also worth eating.

**39. पत्र लिखनेवाले को –**

Ⓐ प्रेरक कहते हैं।
Ⓑ प्रेरित कहते हैं।
Ⓒ प्रेषक कहते हैं।
Ⓓ भवदीय कहते हैं ।

**40. प्रधानाध्यापक जी को पत्र लिखने पर उनको संबोधन में –**

Ⓐ प्रियवर लिखेंगे।
Ⓑ चिरंजीवी लिखेंगे।
Ⓒ बंधुवर लिखेंगे।
Ⓓ आदरणीय महोदय लिखेंगे।

**************************************************

BHAROSA

PRASANTH KUMAR ROYAL'S, M.A, B.Ed, D.Ed